541458

**D 110388** **(Pages : 3)** **Name.......................................**

**Reg. No...................................**

**FIFTH SEMESTER (CBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION**
**NOVEMBER 2024**

Hindi

HIN 5D 01—SPOKEN HINDI

(2019 Admission onwards)

Time : Two Hours Maximum : 60 Marks

**Part A**

I. निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है। आपको अधिकतम 20 अंक मिल सकते हैं :

1 निम्न में से विकारी शब्दों को चुनिए।

(या, यह, और, वह)

2 निम्न में से भाव वाचक संज्ञा शब्दों को चुनिए।

(मिठास, मुंबई, बचपन, बुढापा)

3 चार सब्जियो के नाम लिखिए।

4 लिंग बदलिए।

(बेटा, हाथी, धोबिन, लुहारिन)

5 वचन बदलिए।

(लड़का, नदी, कला, आँख)

6 गुण वाचक विशेषण के लिए उदाहरण लिखिए।

7 संप्रदान कारक।

8 महीनों के नाम हिंदी में लिखिए।

9 श्यामा लिखती थी—कौन सा काल है ?

**Turn over**

541458

11156 11156 11156

541458



10 गाड़ी चल रही होगी—भूतकाल में बदलिए ।

11 काला पहाड़—विशेषण और विशेष्य चुनिए ।

12 संबंध कारक केलिए उदाहरण लिखिए ।

(20 marks)

**Part B**

II. निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम् 30 अंक मिल सकते हैं :

13 शुद्ध कीजिए :

- सीमा आम खाई ।

  मेरा बहन आज स्कूल नहीं गई ।

  मेरा घोड़ा का दाम दो हज़ार रुपया है ।

  बैल को दो सींगें हैं ।

  कोई ने यह बात नहीं कहा ।

14 यात्रा के बारे में दोस्तों के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए ।

15 खाता खोलने के बारे में ग्राहक और प्रबंधक के बीच हुए संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

16 निम्न लिखित अनुच्छेद को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए ।

रवि स्कूल गया । रास्ते में उसने एक दुकान से कलम खरीदी और फिर बस पकड़ा । 9 बजे स्कूल पहुंचा । स्कूल की प्रार्थना सभा में भाग लिया ।

17 ये तीन मूर्तियां बहुत क़ीमती हैं । पद परिचय दीजिये ।

18 निम्न लिखित खंड में से विशेषण शब्द चुनकर लिखिए :

लीला सुन्दर लड़की है । दुबले-पतले और मेहनती भी है । उनकी बड़ी-बड़ी आँखें है । उनके घने-घने बाल है ।

19 नीचे दिए गए प्रश्न वाचक शब्दों का प्रयोग करके दो-दो प्रश्न वाक्य बनाएँ ?

कैसे

कौन

(30 marks)

541458

## Part C

III. निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । प्रश्न का अंक 10 है :

20 निम्न लिखित खंड पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों की पढाई पूरी होने पर एक दिन गुरूजी ने सभी छात्रों को मैदान पर इकट्ठा होने के लिए कहा । सभी शिष्य मैदान पर आकर खड़े हो गए । गुरूजी ने उनसे कहा, प्रिय शिष्यों, मैं चाहता हूँ कि यहाँ से जाने से पहले आप सब एक बाधा दौड़ में भाग तें । इस दौड में आपको एक अंधेरी सुरंग से गुजरना होगा । सभी शिष्य सूरंग से गुजरे जहाँ जगह-जगह नुकीले पत्थर पड़े थे । दौड़ पूरी होने पर गुरूजी ने कहा, कुछ शिष्यों ने दौड़ जल्दी पूरी कर ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लगा दिया, भला ऐसा क्यों ? कुछ शिष्यों ने जवाब दिया कि रास्ते में नुकीले पत्थर थे जिन्हें हम चुनकर जेब में रखते जा रहे थे ताकि पीछे आने वालों को पीड़ा न हो । गूरूजी ने उन सभी शिष्यों को बुलाया जिन्होंने नुकीले पत्थर चुने थे और कहा जिन्हें तुम पत्थर समझ रहे हो, वे वास्तव में बहुमूल्य हीरे हैं, जिन्हें मैं ने सुरंग में डाला था । ये हीरे तुम सबका उपहार है क्योंकि तुमने दूसरों की पीड़ा को समझा । यह दौड़ जिंदगी की सच्चाई को बताती है कि सच्चा विजेता वही है जो इस दौड़ती दुनिया में दूसरों का भला करते हुए आगे बढ़ता है ।

1 गुरुजी ने शिष्यों को क्यों बुलाया था ?

2 गुरूजी ने शिष्यों को क्या उपहार दिया ?

3 यह दौड़ जिंदगी की कौनसी सच्चाई बताती है ?

4 इस गद्य खंड को उचित शीर्षक दीजिए ।

21 निम्न लिखित अनुच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए :

विश्व की जनसंख्या बढ़ती जा रही है । जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ इतनी सारी जनता को जीने की सुविधाएँ प्रदान करना बड़ी समस्या बनती जा रही है । इस दिशा में नए-नए आविष्कार किए जा रहे हैं, वैज्ञानिक क्षेत्र में क्रान्ति हो रही है । इन सबके फलस्वरूप विश्व मानव को लील जाने को उद्यत एक विकराल समस्या उठ खड़ी हुई है पर्यावरण प्रदूषण की समस्या । स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल, स्वच्छ भोजन-आज के मानव के लिए ये सब चीजें दुर्लभ हो गई हैं ।

(1 × 10 = 10 marks)



11156

541458

**D 110388-A** **(Pages : 4)** **Name.......................................**

**Reg. No....................................**

**FIFTH SEMESTER (CBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2024**

Hindi

HIN 5D 01—SPOKEN HINDI

(2019 Admission onwards)

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

| Time : 15 Minutes | Total No. of Questions : 15 | Maximum : 15 Marks |
|---|---|---|

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE

1. This Question Paper carries Multiple Choice Questions from 1 to 15.
2. The candidate should check that the question paper supplied to him/her contains all the 15 questions in serial order.
3. Each question is provided with choices (A), (B), (C) and (D) having one correct answer. Choose the correct answer and enter it in the main answer-book.
4. The MCQ question paper will be supplied after the completion of the descriptive examination.

541458

541458



# HIN 5D 01—SPOKEN HINDI

(Multiple Choice Questions for SDE Candidates)

1. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?

   (A) 15 सितंबर (B) 14 दिसंबर

   (C) 14 सितंबर (D) 10 जनवरी

2. इनमें से आर्य भाषा परिवार में आने वाली भाषा ।

   (A) मलयालम (B) अंग्रेज़ी

   (C) गुजराती (D) तमिल

3. 'हिंदी सचिवायल' कहाँ स्थित है ?

   (A) मौरिश्यस (B) मोस्को

   (C) काटमण्डु (D) अमरिका

4. 55 के लिए हिंदी शब्द ।

   (A) बावन (B) तिरेपन

   (C) चौवन (D) पचपन

5. Zero का समानार्थी हिंदी शब्द ।

   (A) नब्बे (B) अस्सी

   (C) शून्य (D) सौ

6. नारियल के लिए प्रयुक्त अंग्रजी शब्द ।

   (A) Chille. (B) Nut.

   (C) Wallnut. (D) Coconut.

541458

541458



7. आभूषण बनाने वाला ।

(A) सब्जीवाला (B) जौहरी

(C) डाक्टर (D) दर्जी

8. कपडा सीलने वाला ।

(A) सबजीवाला (B) जौहरी

(C) डाक्टर (D) दर्जी

9. Confectioner के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द ।

(A) संपादक (B) मुन्शी

(C) मोची (D) हलवाई

10. गिलहरी के लिए प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द ।

(A) She goat. (B) Mangoose.

(C) Rhinoceros. (D) Squirrel.

11. Pigeon के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द ।

(A) कबूतर (B) उल्लु

(C) गिद्ध (D) चमगादर

12. ये + ने

(A) इन्होंने (B) तुमने

(C) आपने (D) उन्होंने

13. हम + में

(A) हमें (B) तुम्हें

(C) उनमें (D) इसमें



541458

541458



14. Yearly के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द ।

(A) अर्धवार्षिक (B) तिमाही

(C) वार्षिक (D) पखवाड़ा

15. Day after tomorrow के लिए प्रयुक्त हिंदी शब्द ।

(A) आज (B) अब

(C) कल (D) परसों

541458